# ग्रामीण अंचल



बूथ महासंपर्क अभियान के तहत बगरू विधायक व संसदीय सचिव डॉ. कैलाश वर्मा ने बूथ नंबर 12,16,18,19,22,23,24, पर कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। वर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की।

## शौचालय बनाने के लिए एसडीएम ने किया जागरूक

**महानगर संवाददाता**

फागी। क्षेत्र की मांदी पंचायत के ग्राम रतनपुरा में स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय बनाने के लिए जागरूक अभियान की शुरुआत की। रतनपुरा की सरकारी स्कूल में हुए कार्यक्रम में पहुंचे उपखंड अधिकारी सावनकुमार चायल ने लोगों से कहा कि ग्राम के प्रत्येक घर में शौचालय बनाकर ग्राम रतनपुरा को खुले में शौच से मुक्त करना है। इसमें ग्राम के सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। गांव को शौच से मुक्त करने के उद्देश्य को लेकर पंचायत प्रशासन ने भी वार्ड पंचों के दल को ग्राम रतनपुरा में भेज कर प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित किया। ग्राम सचिव रामगोपाल बैरवा ने बताया कि लोगों को शौचालय नहीं बनाने पर खाद्य सामग्री बंद करने, बिजली कनेक्शन काटने, पेंशन बंद करने सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित करने की हिदायत दी है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन को शौचालय बनाने का वादा भी किया है। कांता बैरवा, हनुमान बैरवा, रामलाल मीणा, कैलाश स्वामी, रंगलाल स्वामी, मदनलाल माली, कालूराम स्वामी, रामरतन स्वामी सहित ग्राम के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### राठौड़ का किया स्वागत

**महानगर संवाददाता**

शाहपुरा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर जिला देहात के जिलाध्यक्ष शेख फकरुद्दीन की अध्यक्षता में मोर्चा पदाधिकारियों ने केंद्रीय खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का उनके निवास स्थान पर स्वागत किया। निजामुद्दीन काजी, बफाती मंसूरी, इरशाद खान, अरबाज खान, सुनीता मीना आदि मौजूद रहे।

### मदन लाल जिला सचिव मनोनीत

**महानगर संवाददाता**

शाहपुरा। कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के जिलाध्यक्ष रामचंद्र मीणा ने पीसीसी सदस्य आलोक बेनीवाल की अनुशंषा पर शेरपुरा के मदनलाल मीणा को जिला सचिव मनोनीत किया।

### नीलम देशमुख महिला मोर्चा अध्यक्ष

**महानगर संवाददाता**

जमवारामगढ़। भाजपा देहात कमेटी ने जमवारामगढ़ तहसील के दक्षिण मंडल का विस्तार कर महिला मोर्चा अध्यक्ष के पद पर नीलम देशमुख को मनोनीत किया है। देशमुख के मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### शौचालय बनवाने वालों को स्वच्छता कार्ड बांटे

**महानगर संवाददाता**

पावटा। टोरड़ा गुजरान ग्राम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पंचायत कर्मचारियों द्वारा घर- घर जाकर शौचालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। ग्राम सेवक हरिराम आर्य ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक परिवार के घर में शौचालय होना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान जिन घरों में शौचालय बन चुके हैं उन्हें स्वच्छता कार्ड दिए जा रहे हैं। साथ ही जिन घरों में शौचालय नहीं बने उन्हें जल्दी शौचालय बनवाने के नोटिस दिए जा रहे हैं। सरपंच शीला देवी, वार्ड पंच बनवारीलाल गुर्जर, हरिचंद धानका ने अनेक घरों पर जाकर शौचालयों का निरीक्षण किया।

## यूथ कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक

**महानगर संवाददाता**

चौमूं। मोरीजा रोड पर स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन में बुधवार को डीसीसी कार्यकारणी सदस्य विष्णुकुमार सैनी व पार्षद फिरोज नागौरी के सानिध्य में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। सैनी ने बताया कि आगामी चुनावों में युवाओं की भागीदारी अहम होगी। हमें अभी से ही युवाओं को जोड़कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करनी होगी और वार्डों में यूथ कांग्रेस की कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर फिरोज नागौरी ने बताया कि बूथ स्तर पर कार्यकारिणी बनाई जाएगी। जिससे कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। इस अवसर पर कौशल तंवर, मामराज धौसल्या, कैलाश सैनी, कमल कुलदीप, सुनील तंवर, नितिन दुसाद, विजय गुलिया, किशोर जमालपुरिया व राकेश इंदौरा सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोटपूतली क्षेत्र को ओडीएफ घोषित कराने के लिए बैठक

**महानगर संवाददाता**

कोटपूतली। पालिका सभागार में एसडीएम सुरेश चौधरी के निर्देशन चेयरमैन महेन्द्र सैनी की अध्यक्षता में पार्षदों जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। एसडीएम ने पालिका क्षेत्र को ओडीएफ घोषित कराने के लिए सभी पार्षदों को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों में सफलता तभी मिलती है जब सभी लोग सामूहिक रूप से जनसहभागिता के तहत काम करते हुए आगे आए। एसडीएम चौधरी ने बताया कि पालिका क्षेत्र के 30 वार्डों में 2669 शौचालय बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक 1923 शौचालय ही बने, जो चिंताजनक है। उन्होंने पार्षदों पालिका प्रशासन से प्रतिदिन वार्डों में जाने शहरवासियों को खुले में शौच जाने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया। ईओ राघवसिंह मीणा ने बताया कि अभी तक निर्मित्त सभी शौचालयों के लिए प्रथम किश्त जारी कर दी गई। शेष राशि भी शीघ्र ही लाभार्थियों के खाते में जमा करवा दी जाएगी। चेयरमैन महेन्द्र सैनी ने बताया कि पालिका के 30 में से 11 वार्डों को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। शेष वार्डों को ओडीएफ घोषित कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में एसडीएम ने प्लास्टिक की थैलियों पर पूर्णतया पाबंदी लगाने के लिए भी व्यापारियों से सहयोग मांगा। व्यापार महासंघ के मैथिलीशरण बंसल ने इसके लिए शीघ्र व्यापारियों से वार्ता कर इस पर पाबंदी लगाने की बात कही। पार्षद मोती गौड़, राजेन्द्र सैनी, सुंदर सैनी, बुधराम आर्य, राजकुमार सोनी, मनोज पायला, रामौतार चौहान, रामचंद्र सैनी, रतन भैया, पूर्व चेयरमैन शंकरलाल सैनी, मुकेश शर्मा, दीपक ततारपुरिया सहित अनेक पार्षद उपस्थित थे।

### पैदल चाल में विष्णु ने जीता गोल्ड मेडल

**महानगर संवाददाता**

जमवारामगढ़। क्षेत्र के ग्राम फुटोलाव निवासी विष्णुकुमार शर्मा ने कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दस किलोमीटर पैदल चाल 49 मिनट 38 सेकंड में पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शर्मा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### बिना अनुमति गरबा तो होगी कानूनी कार्रवाई


**महानगर संवाददाता**

फुलेरा। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में आगामी नवरात्र महोत्सव पर गरबा नृत्य करने वालों को एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के गरबा करने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कस्बे के बहुत से लोगों ने एसडीएम सांभर अशोक कुमार शर्मा, थानाप्रभारी ताराचंद शर्मा से गरबा करने के बहाने देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने को लेकर शिकायत कर गरबा करने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एसडीएम ने सभी सार्वजनिक जगहों पर कार्यक्रम करने को लेकर प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**महानगर संवाददाता**

चौमूं। मोरीजा रोड पर स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन में पूर्व विधायक भगवानसहाय सैनी व कांग्रेस अल्पसंख्यक विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद अमजद पठान के सानिध्य में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में चौमूं अल्पसंख्यक विधानसभा उपाध्यक्ष शब्बीर शाह, महासचिव रफीक मिर्जा, मोहसिन मंसूरी, चौमूं नगर अल्पसंख्यक महासचिव अजहर अहमद, सचिव सलमान शाह, संयुक्त सचिव रफीक लुहार, गफ्फार लुहार, वार्ड नं. 24 इकाई अध्यक्ष आरिफ अहमद, इकाई सदस्य शाहिद खान, फिरोज मणियार, आसिफ गौरी, वकील मणियार, इकाई महासचिव शहजाद शाह, इकाई सचिव रुस्तम न्यारिया, इकाई संयुक्त सचिव चिराग शाह, मोइन शाह व वार्ड नं. 25 इकाई अध्यक्ष आसिफ खान को पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, सुरेश विजयवर्गीय, फिरोज नागौरी, विष्णुकुमार सैनी, मास्टर हबीब खां, रमेश गुलिया, लल्लूराम सैनी, छीतरमल जलथुरिया, एडवोकेट बीनू शर्मा, कमल भातरा, आशीष यादव, जमालपुरिया व राकेश इंदौरा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सिटी लाइट कार्य का हुआ शिलान्यास

**महानगर संवाददाता**

पावटा। कैरोड़ी ग्राम पंचायत में कैरोड़ी सरपंच मंजूबाला यादव के मुख्य आतिथ्य में सिटी लाइट से जोड़ने का निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। सरपंच यादव ने कहा कि सिटी लाइन से बिजली को जोड़ने से अब किसानों, पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को परेशानी से निजात मिलेगी। विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य सुरेखा कंवर, भाजपा जयपुर देहात जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कल्लू यादव, उपाध्यक्ष नाथुलाल पारीक, उपसरपंच बजरंग सिंह ने कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का आभार प्रकट करते हुए बताया कि पूर्व में राठौड़ से मिलकर कैरोड़ी ग्राम में बिजली को सिटी लाइन से जुड़वाने की मांग की थी। मंत्री ने तुरंत बिजली निगम के उच्चाधिकारियों का दूरभाष पर कैरोड़ी को सिटी लाइन से जोड़ने की स्वीकृति मिलने कार्य शुरू होने पर आभार जताया। अध्यक्षता ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रूदसिंह शेखावत ने की। जेईएन संजीव जाखड़ ने बताया कि कैरोड़ी ग्राम को सिटी लाइन से जोड़ने के कार्य का शिलान्यास किया गया। इंदर सिंह, मुंशी लुनाजी, रघुवीर, रोशन सिंह, उपसरपंच बजरंग सिंह मौजूद रहे।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सदबुद्धि यज्ञ

**महानगर संवाददाता**

फागी। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल जारी रखी और अध्यक्ष आशा सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और सरकार को सदबुद्धि देने के लिए यज्ञ में आहुतियां दी। सैनी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगिनी, सहायिका साथिनों ने आयोजित हवन में सरकार को मांगें मानने के लिए सद्बुद्धि देने का आह्वान करते हुए हवन में आहुतियां दीं। हड़ताल के कारण क्षेत्र की आंगनबाड़ी पाठशालाओं के ताले लटके हुए हैं। कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्ष संतोष बैरवा, सचिव सुशीला, महामंत्री इंद्रा जैन, कोषाध्यक्ष ललिता शर्मा, संगठन मंत्री खुशबू जैन, सदस्य निर्मला शर्मा, लक्ष्मी बैरवा, विनिता चंदलानी, कैलाशी देवी सहित उपखंड क्षेत्र की महिलाएं शामिल हुईं।

